भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न संख्या: 259

गुरूवार, 8 दिसम्बर, 2022/ 17 अग्रहायण, 1944 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

मानपुर हवाई पट्टी से विमान सेवा

259. श्री देवजी मनसिंहराम पटेल:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजस्थान सरकार ने क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस) उडान योजना के तहत मानपुर हवाई पट्टी से विमान सेवा शुरू करने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजा है और यदि हां, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या किसी संगठन ने राज्य सरकार को मानपुर विमानपत्तन से देश के अन्य शहरों के लिए शुरू की गई सभी उडानों में कम से कम 15 से 20 टिकट अग्रिम रूप में बुक करने का आश्वासन दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) मानपुर एयरपोर्ट से क्षेत्रीय संपर्क योजना के तहत विमान सेवा शुरू करने में देरी के क्या कारण हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डा.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))

(क) से (ग): राजस्थान में मानपुर, आबू रोड हवाईपट्टी का नाम उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना दस्तावेज की बिडिंग के असेवित हवाईअड्डों की सूची में शामिल है। किसी भी एयरलाइन ने इस हवाईअड्डे से उड़ान के अंतर्गत उड़ानें प्रचालित करने का प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया है। यदि, कोई एयरलाइन मानपुर (आबू रोड) हवाईपट्टी से सम्पर्कता के लिए मान्य बिड प्रस्तुत करेगी, तो उसके संबंध में उड़ान योजना के प्रावधानों के अनुसरण में विचार किया जाएगा।

उड़ान योजना के प्रावधानों के अंतर्गत असेवित एवं अल्पसेवित हवाईअड्डों का पुनरूद्धार / उन्नयन, मान्य बिड एवं चयनित एयरलाइन प्रचालक (एसएओ) को अवार्ड जारी किए जाने की पहचान स्थापित होने पर किया जाएगा।